# अभ्यास प्रश्न पत्र – 1

# कक्षा 8 हिन्दी

**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

## सामान्य निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न-पत्र चार खंडों (क, ख, ग और घ) में विभाजित है।
3. खंड 'क' में अपठित बोध के 2 प्रश्न हैं और कुल 14 अंक हैं।
4. खंड 'ख' में कुल 20 एक-अंकीय व्याकरण प्रश्न हैं; निर्देशानुसार केवल 16 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। कुल 16 अंक।
5. खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक के अध्याय 1 से 5 पर आधारित प्रश्न हैं और कुल 30 अंक हैं।
6. खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन के 4 प्रश्न हैं और कुल 20 अंक हैं।
7. जहाँ विकल्प दिए गए हैं, वहाँ निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
8. उत्तर क्रम से लिखिए तथा निर्धारित शब्द-सीमा का पालन कीजिए।

---

## खंड 'क'

**(अपठित बोध — 14 अंक)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

पुस्तकालय केवल किताबें रखने का स्थान नहीं होता, बल्कि वह सीखने और सोचने की आदत विकसित करने का भी केंद्र है। जब विद्यार्थी अपनी रुचि की पुस्तक चुनकर पढ़ते हैं, तो वे पाठ्यपुस्तक से बाहर की दुनिया को भी समझने लगते हैं। कहानियाँ कल्पना को बढ़ाती हैं, जीवनियाँ प्रेरणा देती हैं और विज्ञान से जुड़ी पुस्तकें प्रश्न पूछने की आदत विकसित करती हैं। नियमित पढ़ने से शब्द-भंडार बढ़ता है और अपने विचार स्पष्ट रूप से लिखने की क्षमता भी बेहतर होती है।

विद्यालय का पुस्तकालय तभी उपयोगी बनता है जब विद्यार्थी वहाँ केवल परीक्षा के समय न जाएँ, बल्कि हर सप्ताह कुछ समय पढ़ने के लिए निकालें। पुस्तक पढ़ने के बाद मित्रों से उस पर चर्चा करना भी लाभदायक है। इससे अलग-अलग दृष्टिकोण जानने का अवसर मिलता है। पुस्तक को समय पर लौटाना, पन्नों को न मोड़ना और उसे साफ रखना भी पाठक की जिम्मेदारी है।

(i) पुस्तकालय किस प्रकार का केंद्र है? **[1]**

(A) केवल खेल का (B) सीखने और सोचने का
(C) केवल परीक्षा का (D) केवल मनोरंजन का

(ii) एक शब्द में उत्तर दीजिए— जीवनियाँ विद्यार्थियों को क्या देती हैं? **[1]**

(iii) नियमित पढ़ने से कौन-सी क्षमता बेहतर होती है? **[1]**

(A) केवल चित्र बनाना (B) विचार स्पष्ट रूप से लिखना
(C) केवल याद करना (D) तेज दौड़ना

(iv) पुस्तक पढ़ने के बाद मित्रों से चर्चा करना क्यों लाभदायक है? दो कारण लिखिए। **[2]**

(v) एक जिम्मेदार पाठक पुस्तकालय की पुस्तकों के प्रति कैसा व्यवहार करेगा? 30–40 शब्दों में लिखिए। **[2]**

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [7]

छोटा-सा बीज धरा में सोया,
वर्षा ने उसको प्यार से धोया।
सूरज ने दी किरण सुनहरी,
अंकुर फूटा, दुनिया निखरी।

धीरे-धीरे बढ़ता जाता,
आँधी में भी नहीं घबराता।
मेहनत, धीरज साथ निभाएँ,
छोटे कदम मंज़िल तक जाएँ।

(i) बीज को किसने प्यार से धोया? [**1**]

(A) हवा ने (B) वर्षा ने
(C) चाँद ने (D) मिट्टी ने

(ii) 'आँधी में भी नहीं घबराता' किस गुण की ओर संकेत करता है? [**1**]

(A) साहस
(B) आलस्य
(C) क्रोध
(D) भय

(iii) एक शब्द में उत्तर दीजिए— छोटे कदम हमें कहाँ तक ले जाते हैं? [**1**]

(iv) बीज के बढ़ने की प्रक्रिया से हमें क्या सीख मिलती है? एक-दो पंक्तियों में लिखिए। [**2**]

(v) काव्यांश का मुख्य संदेश 25–30 शब्दों में लिखिए। [**2**]

# खंड 'ख'

## (व्यावहारिक व्याकरण — 16 अंक)

**3. चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए।**

(i) 'गंगा पवित्र नदी है।' वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिए। [**1**]

(ii) 'मिठास' किस प्रकार की संज्ञा है? [**1**]

(A) जातिवाचक (B) भाववाचक
(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

(iii) 'लड़कियाँ मैदान में खेल रही हैं।' वाक्य में 'लड़कियाँ' का वचन लिखिए। [**1**]

(iv) 'कवि' का स्त्रीलिंग रूप लिखिए। [**1**]

**4. चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए।**

(v) 'राम ने कलम से पत्र लिखा।' वाक्य में 'कलम से' कौन-सा कारक है? **[1]**

(A) कर्ता (B) करण

(C) संबंध (D) अधिकरण

(vi) 'यह मेरी पुस्तक है।' वाक्य में 'यह' कौन-सा सर्वनाम है? **[1]**

(A) निश्चयवाचक

(B) प्रश्नवाचक

(C) अनिश्चयवाचक

(D) निजवाचक

(vii) 'जो मेहनत करता है, वही सफल होता है।' वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम लिखिए। **[1]**

(viii) 'पेड़ पर पक्षी बैठा है।' में 'पेड़ पर' कौन-सा कारक है? **[1]**

**5. पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

(ix) 'सुंदर फूल बगीचे में खिले हैं।' वाक्य में विशेषण लिखिए। **[1]**

(x) 'मेरे पास पाँच पुस्तकें हैं।' में 'पाँच' किस प्रकार का विशेषण है? **[1]**

(A) गुणवाचक (B) संख्यावाचक

(C) परिमाणवाचक (D) सार्वनामिक

(xi) 'सीमा धीरे-धीरे चलती है।' वाक्य में क्रिया-विशेषण लिखिए। **[1]**

(xii) 'बच्चा दूध पीता है।' वाक्य की क्रिया सकर्मक है या अकर्मक? **[1]**

(xiii) 'मैं कल दिल्ली जाऊँगा।' वाक्य का काल पहचानिए। **[1]**

**6. सात प्रश्नों में से किन्हीं छह के उत्तर दीजिए।**

(xiv) 'अनुशासन' में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए। **[1]**

(xv) 'सुंदरता' में मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग लिखिए। **[1]**

(xvi) 'राजपुत्र' का समास-विग्रह कीजिए। **[1]**

(xvii) 'दिन-रात' में कौन-सा समास है? **[1]**

(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

(xviii) उचित विराम-चिह्न लगाकर लिखिए— वाह कितना सुंदर दृश्य है **[1]**

(xix) 'आँखों का तारा' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए। **[1]**

(A) बहुत प्रिय (B) बहुत क्रोधित

(C) बहुत दूर (D) बहुत थका हुआ

(xx) 'जल' का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए। **[1]**

## खंड 'ग'

**(पाठ्यपुस्तक — 30 अंक)**

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [5]

एक दिन दो गौरैया सीधी अंदर घुस आईं और बिना पूछे उड़-उड़कर मकान देखने लगीं। कभी वे किसी रोशनदान पर जा बैठतीं, तो कभी खिड़की पर। दो दिन बाद उन्होंने बैठक की छत में लगे पंखे के गोले के ऊपर अपना घोंसला बनाना शुरू कर दिया। माँ और पिताजी दोनों उनकी गतिविधियाँ देखते रहे। धीरे-धीरे गौरैयों की उपस्थिति घर का हिस्सा बनने लगी।

(i) गौरैयाँ घर में आकर सबसे पहले क्या करने लगीं? [1]

(A) दाना चुगने (B) मकान देखने

(C) सोने (D) बाहर जाने

(ii) गौरयों ने घोंसले के लिए कौन-सा स्थान चुना? [1]

(iii) सही/गलत लिखिए— गौरैयाँ आते ही उसी दिन घर छोड़कर चली गईं। [1]

(iv) गौरैयों के व्यवहार से उनका कौन-सा स्वभाव प्रकट होता है? [1]

(A) जिज्ञासु (B) आलसी

(C) क्रूर (D) उदास

(v) घरवालों के दृष्टिकोण में आगे चलकर परिवर्तन का प्रमुख कारण क्या बना? [1]

**8. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए।** [6]

(i) 'स्वदेश' कविता में मातृभूमि के प्रति प्रेम केवल भावना न रहकर कर्तव्य कैसे बन जाता है? स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) 'दो गौरैया' में माँ की प्रतिक्रियाएँ कहानी के हास्य को कैसे बढ़ाती हैं? [2]

(iii) 'एक आशीर्वाद' कविता में बड़े सपने देखने के साथ प्रयास और धैर्य की आवश्यकता क्यों बताई गई है? [2]

(iv) 'हरिद्वार' पाठ में प्रकृति और आध्यात्मिक वातावरण लेखक के मन पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं? [2]

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [5]

**ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।**
**औरन को सीतल करै, आपहुं सीतल होय॥**

(i) कबीर कैसी वाणी बोलने की सीख देते हैं? [1]

(A) कठोर (B) मधुर

(C) क्रोधपूर्ण (D) व्यंग्यपूर्ण

(ii) 'मन का आपा खोय' का भाव क्या है? [1]

(A) अहंकार छोड़ना (B) भय बढ़ाना

(C) मौन रहना (D) हार मानना

(iii) मधुर वाणी का प्रभाव दूसरों पर क्या पड़ता है? [1]

(iv) सही/गलत लिखिए— दोहे में केवल दूसरों को प्रसन्न रखने की बात कही गई है, स्वयं पर उसके प्रभाव की नहीं। [1]

(v) इस दोहे से मिलने वाली एक व्यवहारिक सीख लिखिए। [1]

**10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए।** [6]

(i) 'बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर' के माध्यम से कबीर किस प्रकार की महानता को निरर्थक मानते हैं? [2]

(ii) 'हरिद्वार' में लेखक के पुत्र की भाषा की सरलता और चित्रात्मकता पाठ को प्रभावशाली कैसे बनाती है? [2]

(iii) 'एक आशीर्वाद' में 'चाँद-तारों-सी अप्राप्य सच्चाइयों' की ओर बढ़ने का भाव किस मानसिकता को प्रकट करता है? [2]

(iv) गौरैयों के बच्चों को देखकर पिताजी का व्यवहार बदल जाना मनुष्य की संवेदनशीलता के बारे में क्या बताता है? [2]

**11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए।** [8]

(i) 'स्वदेश' और 'एक आशीर्वाद' दोनों रचनाएँ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं, लेकिन दोनों की प्रेरणा का केंद्र अलग है। दोनों के भावों की तुलना कीजिए। [4]

(ii) 'दो गौरैया' कहानी में हास्य के भीतर सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति संवेदना का संदेश किस प्रकार उभरता है? घटनाओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [4]

(iii) कबीर के दोहों में सत्य, मधुर वाणी, विनम्रता और उपयोगी जीवन पर बल दिया गया है। इनमें से किन्हीं दो मूल्यों को आज के विद्यार्थी-जीवन से जोड़कर समझाइए। [4]

## खंड 'घ'

### (रचनात्मक लेखन — 20 अंक)

**12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** [6]

(i) पुस्तक पढ़ने की आदत — संकेत-बिंदु: ज्ञान-वृद्धि • कल्पनाशक्ति • भाषा में सुधार

(ii) प्रकृति के साथ हमारा संबंध — संकेत-बिंदु: पेड़-पौधे और पक्षी • सह-अस्तित्व • संरक्षण

(iii) बड़े सपने और निरंतर प्रयास — संकेत-बिंदु: लक्ष्य • कठिनाइयाँ • धैर्य और आत्मविश्वास

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** [5]

(i) विद्यालय के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में बच्चों के लिए अधिक हिंदी कहानी-पुस्तकें उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) अपने मित्र को प्रतिदिन कुछ समय पढ़ने तथा मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में डायरी-लेखन/कहानी-लेखन कीजिए।** [5]

(i) आपके घर की खिड़की पर एक पक्षी ने घोंसला बनाया। उस दिन के अनुभव और अपनी भावनाएँ डायरी के रूप में लिखिए।

**अथवा**

(ii) संकेतों के आधार पर लघु-कहानी लिखिए-

- छोटा पौधा
- तेज आँधी
- बच्चे का प्रयास
- पौधे की रक्षा
- सीख।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में संदेश/विज्ञापन तैयार कीजिए।** [4]

(i) विद्यालय में आयोजित 'पुस्तक पठन सप्ताह' के लिए विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ii) आपके मित्र ने विद्यालय की कविता-पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसके लिए बधाई-संदेश लिखिए।